हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 28 जनवरी 2025



## राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**नागपुर.** नागपुर स्थित राजकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में 76वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में समाजसेवी ललित अबंवानी, महाविद्यालयीन प्रबंधन के अध्यक्ष प्रा. विजय केवलरामानी, उपाध्यक्ष व प्राचार्या नीलम आहुजा, प्राचार्या डॉ. सुश्री उर्मिला डबीर, महासचिव श्री कैलाश केवलरामानी, सचिव रशमी वाधवानी, कोषाध्यक्ष रिचा केवलरामानी, और मुख्य अध्यापिका जया टहलरामानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ललित अबंवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता एकाएक नहीं मिलती, उसे पाने के लिए संघर्ष और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। तभी सफलता हमारी ओर कदम बढ़ाती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रा. विजय केवलरामानी ने कहा कि भारतीय संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने तैयार किया, हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम भारतीय हैं, और हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि अखंड भारत के बिना 26 जनवरी का गणतंत्र दिवस अधूरा है। प्राचार्या नीलम आहुजा ने कहा कि हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। वहीं, प्राचार्या डॉ. उर्मिला डबीर ने पर्यावरण संरक्षण और जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि हम तभी स्वतंत्र और गणराज्य होंगे जब हम शिक्षा और जागरूकता से समाज की बुराइयों को दूर करेंगे। रशमी वाधवानी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, त्याग और देशभक्ति के महत्व को समझाया। जया टहलरामानी ने भारतीय संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह हमें एक गरिमामय जीवन जीने का अधिकार देता है। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. आरती तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. अनिता चंदवानी ने किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में एक सशक्त और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

# विकसित महाराष्ट्र के लिए संकल्पबद्ध होकर काम करें: बावनकुले

## > धूमधाम से मनाया गया कस्तूरचंद पार्क मैदान पर गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम

### >पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं का सम्मान

**नागपुर.**





नागपुर और विदर्भ में विभिन्न विकास कार्यों को गति दी जा रही है। रोजगार सृजन, उद्योगों का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व जैसे सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। देश और महाराष्ट्र के विकास के लिए सभी को संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया, यह बात महाराष्ट्र सरकार के राजस्व और नागपुर-अमरावती के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने कही। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में नागपुर को अंतरराष्ट्रीय शहर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

यह बातें वे कस्तुरचंद पार्क मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए कही। कार्यक्रम में सांसद श्यामकुमार बर्वे, विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल, महापालिका आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, नागपुर सुधार प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय मिना, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। पालकमंत्री ने कहा कि, "इंग्रजों की गुलामी से मुक्त होने के बाद देश को संविधान दिया था, और उसी संविधान के आधार पर देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य और देश विकास की दिशा में अग्रसर हैं।" उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दावोस में वर्ल्ड इकॉनॉमी फोरम में मुख्यमंत्री ने राज्य में 15 लाख 70 हजार करोड़ रुपये की निवेश की घोषणा की, जिसमें नागपुर और विदर्भ को भी शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि नागपुर में रोजगार सृजन के लिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। पालकमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में विविध योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कर रही है। साथ ही उन्होंने किसानों के लिए 'एग्रीस्टैक' योजना का भी उल्लेख किया, जो उन्हें रियल टाइम जानकारी और सेवाएं प्रदान करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक मिलने पर उनका अभिनंदन किया गया। इसके अलावा, 'घर घर संविधान' प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जन जागरूकता फैलाएगा। कार्यक्रम में जिला परिषद और नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और कवायती प्रस्तुतियां दीं।



आन नूर पब्लिक स्कूल ने 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाबा ताजुद्दीन का जन्मोत्सव

### >ताजबाग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शाही दरबारी संदल का आयोजन

**नागपुर.**





हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह का जन्मोत्सव ताजबाग शरीफ में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात से ही दरगाह परिसर में एकत्रित होने लगी थी। जन्मोत्सव के पहले दिन बाबा ताजुद्दीन की जयंती के अवसर पर केक काटकर श्रद्धालुओं ने बाबा का जन्मदिन मनाया।

हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट द्वारा शाही दरबारी संदल का आयोजन किया गया। सुबह ट्रस्ट कार्यालय में महफिले शमा का आयोजन हुआ, जिसमें दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। इसके बाद रघूजीराव साहब के हाथों परचम कुशाई की गई। परचम कुशाई में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य, जैसे कि ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फारूकभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, इमरान खान ताज़ी, मुस्तफाभाई टोपीवाला सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। परचम कुशाई के बाद शाही दरबारी संदल ट्रस्ट कार्यालय से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम को ताजबाग वापस पहुंचा। संदल के साथ बाबा ताजुद्दीन दरगाह के सज्जादानशीन सैयद तालिब बाबा ताज़ी, सैयद जारबीर बाबा ताज़ी, और अन्य प्रमुख लोग भी साथ थे। संदल की वापसी के बाद बाबा ताजुद्दीन की मजारे पाक पर चादर चढ़ाई गई। विशेष रूप से हैदराबाद से आई फूलों से बनी चादर चढ़ाई गई और देश की सलामती के लिए दुआ मांगी गई। इसके अलावा, रात से ही ताजबाग में आतिशबाजी का आयोजन हुआ और दरगाह को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मिठाइयां बांटी गई और ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे जिया खान और सचिव ताज अहमद राजा ने सभी को बाबा ताजुद्दीन के जन्मदिन की बधाई दी। उर्स का समापन 28 जनवरी को होगा।

## गणतंत्र दिवस पर प्रभाग 30 में ध्वजारोहण

**नागपुर.**



गणतंत्र दिवस का पर्व प्रभाग क्रमांक 30 में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने प्रभाग की प्रत्येक बस्ती में इस राष्ट्रीय पर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया। सेवादल नगर, शंकर साई मढ़, रानी भोसले नगर, सक्करधरा, जुना सक्करधरा, लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे चौक, संत रविदास मंदिर के पास और भांडे प्लॉट जैसी प्रमुख बस्तियों में यह आयोजन हुआ। भाजपा प्रभाग क्रमांक 30(अ) के अध्यक्ष चंदन आगरे के हाथों ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी किशोर पेटे, दीपक आवले, वकील संजय मोहतुरे, विष्णु रनखाम, सुभाष वानखेड़े, प्रभुदास तयवाड़े, योगेश सलोड़कर, मुरली रनखाम, नंदू गावंडे, भूषण सिंगड़े, अम्मा, मनोज लांडगे, दुपारे और बस्ती के सभी नागरिक उपस्थित थे।

सभी ने एकजुट होकर गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर देश की एकता और अखंडता की शपथ ली।



## खासदार क्रीड़ा महोत्सव स्केटिंग प्रतियोगिता

### > मृण्मयी चावरे और समीर वानखेड़े ने जीता स्वर्ण पदक

**नागपुर.** खासदार क्रीड़ा महोत्सव की स्केटिंग प्रतियोगिता में मृण्मयी चावरे और समीर वानखेड़े ने स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रतियोगिता गणेश नगर स्केटिंग रिंक में आयोजित की गई थी। यह प्रतियोगिता इनलाइन और क्वाड मोड में आयोजित की गई थी। 14 वर्ष से ऊपर की लड़कियों और लड़कों की इनलाइन श्रेणी में मृण्मयी और समीर ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

लड़कियों की स्पर्धा में खुशी लखोटिया और हरगुन लोटे ने रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कों की प्रतियोगिता में प्रयास कोमजवार ने रजत और सुजल बागड़े ने कांस्य पदक जीता। शिवानी शेट्टी ने क्वाड इवेंट में अंडर-14 लड़कियों की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। जबकि ईश्वरी मोहोड़ को रजत और कनक इंगले को कांस्य पदक मिला। अंडर-14 लड़कों की प्रतियोगिता में अथर्व राडके ने पहला स्थान हासिल किया। चेतस चाहंदे दूसरे और मंदार देशमुख तीसरे स्थान पर रहे।

## अज्ञात चोरों ने नगदी और जेवरात समेत 13 लाख का माल उड़ाया

**नागपुर.** नागपुर के जरीपटका पुलिस थाना अंतर्गत चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नगदी सहित सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। इस घटना के समय फरियादी पूरे परिवार सहित घर को ताला लगाकर घूमने के लिए मध्य प्रदेश के हुए थे।

फरियादी अमित भोजवानी है जो कि अपने परिवार के साथ दयानंद पार्क, हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के प्लॉट नंबर 146 में रहते हैं। अमित गांधी बाग में कन्फेक्शनरी की दुकान चलाते हैं। 25 जनवरी की दोपहर अमित अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित मध्य प्रदेश के बेडाघाट में घूमने के लिए गए हुए थे। सोमवार सुबह जब वह घर पहुंचे तब उन्हें घर में चोरी होने की बात का पता चला।



चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे के ताला तोड़ के अंदर प्रवेश किया था और बेडरूम सहित घर की ऊपरी मंजिल की अलमारी से नगदी चार लाख 60000 सहित सोने चांदी के आभूषण और सोने के सिक्कों सहित 13 लाख 20 हजार 400 रूपयों के माल पर हाथ साफ किया था। इस घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि इन अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।




# ताजबाग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### > ट्रस्ट कार्यालय से निकला शाही दरबारी संदल

**नागपुर.**



हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह का जन्मोत्सव ताजबाग शरीफ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव का उत्साह देर रात से ही शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने दरगाह परिसर में केक काटकर बाबा ताजुद्दीन का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की ओर से शाही दरबारी संदल निकाला गया।

सभी कार्यक्रमों की शुरुआत ट्रस्ट कार्यालय में सुबह महफिले शमा से हुई, जिसमें दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। इसके बाद रहा रघूजीराव साहब के हाथों परचम कुशाई की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। परचम कुशाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फारूकभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, इमरान खान ताज़ी, मुस्तफाभाई टोपीवाला सहित बाबा ताजुद्दीन दरगाह के सज्जादानशीन सैयद तालिब बाबा ताज़ी, सैयद जारबीर बाबा ताज़ी, बाबा ताजुद्दीन दरगाह खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताज़ी, खादिम अबुलहसन ताज़ी, जाकिर ताज़ी, मन्नू खादिम, ताजबाग मस्जिद के शाही इमाम खुर्शीद आलम शेख रहीम खान ताज़ी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।परचम कुशाई के बाद ट्रस्ट कार्यालय से शाही दरबारी संदल निकला, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ शाम में ताजबाग वापस लौट आया। संदल की वापसी के बाद बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादर और फूल चढ़ाए गए, साथ ही हैदराबाद से आई फूलों से बनी चादर चढ़ाई गई। इस अवसर पर देश की सलामती के लिए दुआ भी मांगी गई। उल्लेखनीय है कि बाबा ताजुद्दीन के छमाही उर्स का आयोजन भी ताजबाग में किया जा रहा है, जो 28 जनवरी को समाप्त होगा।

### रात से ही आतिशबाजी, केक काटा गया

ताजबाग में बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार रात से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। दरगाह के पास परिसर में रात से ही जन्मोत्सव का जश्न शुरू हो गया था। आतिशबाजी की गई, दरगाह को रोशन किया गया, और मिठाइयां बांटी गईं। इस मौके पर ताजबाग ट्रस्ट के अध्यक्ष प्यारे जिया खान एवं सचिव ताज अहमद राजा ने सभी को बाबा के जन्मदिन की बधाई दी।

# उत्साह से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## संविधान के सम्मान में निकाली गई मैराथन रैली



**नागपुर.**

विधायक डॉ. नितिन राउत के उपस्थिति व मार्गदर्शन में गणतंत्र दिन के अवसर पर संविधान के सम्मान में संविधान के लिए मॅरेथॉन रैली निकाली गई यह रैली भीम चौक जरीपटका से निकल कर इंदोरा, कमाल चौक, वैशाली नगर, रानी दुर्गा वती चौक, ईटभट्टा चौक, वनदेवी चौक, यशोधरा नगर, मोहम्मद रफी चौक से होते हुए उत्तर नागपुर फिरते हुए रानी दुर्गावती चौक,भीम चौक पर समाप्त की गई रैली का संचालन विधायक डॉ. नितिन राउत ने रैली मे संजय दूबे, बंडोपंत टेंभुर्णे, मूलचंद मेहर, शायदा अहमद खान,राजेश कोहाड़ शेख साहबूद्दिन, आसिफ शेख, मंसूर खान, रामाजी उइके आदि सभी समाज सभी धर्म के लोग व नागरिक गण रेली मे उपस्थित थे.

## मां भवानी स्कूल में गोतमारे ने फहराया ध्वज





**नागपुर.**

कलमना स्थित मुक्ताई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था द्वारा माँ भवानी प्राथमिक स्कुल व यूनिटी इंग्लिश अप्पर प्राइमरी स्कूल मे स्कूल के संचालक व मुख्याध्यापक यशवंत बूटके की अध्यक्षता मे माजी नगरसेवक शेषराव गोतमारे के हाथ से ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार ए. एम. खान, संस्था के उपाध्यक्ष अरविन्द बूटके, महाराष्ट्र प्रदेश कॉग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कि सचिव शायदा बेगम अहमद खान, यूनिटी इंग्लिश अप्पर प्रायमरी स्कूल कि मुख्यध्यपिका मंजूषा मोहरिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे ओमप्रकाश बूटके, पवन श्रीखंडे,रोशन डाबरे, महेंद्र नारवरे, कल्याणी काकड़े, स्वाती देशमुख, माया राउत, हेमलता भांडारकर, मनसा माझी, समीक्षा पकडे,बबिता शाहु, रोशनी खोब्रगड़े, ज्योति शाहु,मोनिका तिवारी,सिमरन ठाकुर , ज्योति पारधी,रेखा गोहणे, कौशल्या मरकाम, मानसी शाहु निदा शेख सुप्रिया मोटघरे, समीक्षा शाहु भाग्यश्री नंदेश्वर, आदि ध्वजारोहण कार्यक्रम मे स्कुल के सभी शिक्षक गण,विध्यार्थी, पालक गण व नागरिक गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचलन कु. गुड्डन शाहु ने किया व आभार प्रदर्शन चांदनी यादव ने किया.

## 76वां गणतंत्र दिवस घोड़पेठ में धूमधाम से मनाया गया



**नागपुर.**

घोडपेठ में 26 जनवरी को मानवटकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मानवटकर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और मानवटकर मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल ने संयुक्त रूप से 76वां प्रजासत्ताक दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज फहराने से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण घोडपेठ के सरपंच अनिल खडके के हाथों किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुलिस पाटिल विजय गेडाम, अध्यक्ष माधुरी मानवटकर, प्रकाश मानवटकर और पेटकर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। चंद्रपूर जिल्हा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बंटी घाटे, फार्मेसी और नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. लालचंद देव्हारे और डॉ. पारुल किब्लीवाला तथा प्रा. अब्दुल वासिम भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

संस्था की अध्यक्ष माधुरी मानवटकर ने अपने भाषण में कहा कि शिक्षा, मेहनत और एकजुटता से हम अपने देश को दुनिया में एक मजबूत स्थान दिला सकते हैं। प्रजासत्ताक दिवस केवल अवकाश का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें हमारे देश के प्रति जिम्मेदारियों और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

मान्यवर पेटकर ने कहा कि प्रजासत्ताक दिवस हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में नृत्य, भाषण और देशभक्ति गीतों का समावेश था, जो उत्साह और देशभक्ति से भरा हुआ था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिभा और देशभक्ति का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्साही नृत्य, प्रेरणादायक भाषण और सुंदर देशभक्ति गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस कार्यक्रम ने एक उत्सवमय वातावरण का निर्माण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रा. चांदणी प्रसाद और प्रा. साक्षी देवगडे ने की, जबकि समापन प्रा. शुभम शेंडे और प्रा. प्रफुल उराडे ने आभार प्रदर्शन के साथ किया। सभी प्राध्यापक और कर्मचारी एक साथ आए और इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## राष्ट्रीय मनोविकास अक्षय क्षेत्र विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न



**सावनेर.**

राष्ट्रीय मनोविकास अक्षय क्षेत्र विद्यालय, सावनेर में गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्लैनेट आईटी के संस्थापक अभिषेक सिंह गहरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तुषार उमाटे, पूर्व निर्माण समिति अध्यक्ष, नगर परिषद सावनेर ने की। इस दौरान मंच पर प्रमुख अतिथियों में डॉ. सोनाली उमाटे (चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण अस्पताल सावनेर), किशोर कुंभारे, गणेश मडगे, सूरज सेलकर, महेश कामोणे, रेखा पोटभरे, और निखिल पोटभरे उपस्थित थे। विद्यालय के मुख्याध्यापक पराग मुसले, प्लैनेट आईटी की नताशा देशमुख, संजिता नानवटकर, किरण बसोटीया, तेजस्विनी मिलमिले, भाग्यश्री चाफेकर, नेहा ढवंगले, संजना वडबुधे, ईश्वरी लोडेकर, काजल गहरवार, और सुप्रिया चांडेकर समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति और शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय और छात्रों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। तुषार उमाटे ने कहा, "इन विशेष बच्चों को अधिक देखभाल की आवश्यकता है, और हम पूरी मजबूती के साथ उनके और विद्यालय के साथ खड़े हैं।" इस अवसर पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मधुकर राजुके का भी अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कंचन बोडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन शोभा दातेर ने दिया। समारोह के अंत में भोजन और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सावनेर.**

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगनाडे पथ संस्था में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। यह ध्वजारोहण संस्था के पूर्व अध्यक्ष रमेश घटे के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था के संचालक सदस्य प्रकाश बालपांडे, तेली समाज पंच कमेटी के सचिव जयंतराव पाटील, व्यापारी संघ सावनेर के उपाध्यक्ष राहुल बारई, और युवा व्यवसायी पिंटू अंतुरकर समेत अन्य गणमान्य नागरिक और समाजबंधु उपस्थित रहे। इस मौके पर रमेश घटे ने अपने संबोधन में कहा कि, "हमने आजादी पाने के लिए बड़ी कीमत चुकाई है। लाखों शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को आजाद कराया। उन अमर शहीदों की पावन स्मृतियां और उनके आदर्श हमेशा हमें प्रेरणा देते रहेंगे।" ध्वजारोहण के बाद उपस्थित सभी गणमान्य लोगों और समाजबंधुओं ने सामूहिक रूप से अल्पाहार का आनंद लिया।

## कोंढाली नगर पंचायत में गणतंत्र दिवस पर 32 स्थानों पर ध्वजारोहण



**कोंढाली.**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कोंढाली नगर पंचायत क्षेत्र में 32 स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। नगर पंचायत, बाजार चौक, शैक्षणिक संस्थानों, सहकारी समितियों, पुलिस स्टेशन, वन क्षेत्र, स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न निजी व शासकीय संस्थानों में झंडा फहराया गया।

वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत कोंढाली को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया, लेकिन नगर पंचायत के चुनाव अभी तक न होने के कारण प्रशासनिक देखरेख चार अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य प्रशासक धनंजय बोरिकर के निर्देशन में ध्वजारोहण का आयोजन हुआ।मुख्य स्थानों पर ध्वजारोहण: बाजार चौक: नगर पंचायत अधिकारी हर्षल सोनार और सतीश कदम ने झंडा फहराया।, कोंढाली पुलिस स्टेशन: थानेदार राजकुमार त्रिपाठी।, नायब तहसील कार्यालय: नायब तहसीलदार संजय भुजाड़े।, लाखोटिया भुटाडा जूनियर कॉलेज: संस्था अध्यक्ष राजेश राठी।, बाबा व्यास आर्ट्स कॉलेज ऑफ कॉमर्स: नारायण राव तातोडे।, निज़ामिया हाई स्कूल: हाजी अब्दुल रज्जाक।, सेवा समिति: प्रमोद चाफले।, बैंक ऑफ इंडिया: प्रबंधक पाठक।, भारतीय स्टेट बैंक: तिमांडे।, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र: डॉ. पूजा गायकवाड़।, वन क्षेत्र कार्यालय: निशिकांत कपगते।, विद्युत उपविभागीय कार्यालय: उपविभागीय अधिकारी प्रणव कुरेवार।, पशु चिकित्सालय: डॉ. इरोज सोमकुवर। इसके अलावा आंगनबाड़ियों, प्राथमिक विद्यालयों और अन्य निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस पर सभी संस्थानों ने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया।

## व्यापारी संघ का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**सावनेर.**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी व्यापारी संघ, सावनेर द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रात 8:00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें शहर के सभी व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्नेह मिलन के दौरान व्यापारियों के लिए विभिन्न खेल, संगीत, मनोरंजन और स्नेहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेता व्यापारियों को युवा कृषि व्यवसायी और जगनाडे पथ संस्था के पूर्व अध्यक्ष रमेश घटे के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यापारी संघ के सचिव एडवोकेट दिनेश दमहे, उपाध्यक्ष राहुल बारई, कोषाध्यक्ष पवन जामदार, दीपक भोंगाड़े, किशोर अंतुरकर, विजय पुण्यानी, आशीष सोनभद्रे, गिरीश बनाईत, प्रफुल चंदनखेडे, संजय चंदवानी, पीयूष झिंजुवाडिया, ललीश घटे, जाहीद शेख समेत सभी पदाधिकारियों ने मेहनत और सहयोग दिया।

## जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से संपन्न



**सावनेर.**

स्थानीय जवाहरलाल नेहरू उच्च विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस खास मौके पर पलक संचालक एडवोकेट चंद्रशेखर बरेठिया ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री कमल बुरहान, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक मनोहर बावनकुले और वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर गजभिये सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर विदर्भ स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 17 वर्ष आयु वर्ग की टीम और यवतमाल टीम को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 14 वर्ष आयु वर्ग की टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मैन ऑफ द मैच रहे मंथन वैष्णव, हर्षल नारनवरे, वेदांत मालेकर, संकेत स्तंभेकर और रोहन शेम्बेकर को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल शिक्षक योगेश बन ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर एडवोकेट चंद्रशेखर बरेठिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश का लोकतंत्र मजबूत होना चाहिए और भारतीय संविधान की शिक्षा प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों को दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने परिपाठ प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस और भारतीय संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए, जिससे उपस्थित दर्शक प्रेरित हुए। कार्यक्रम का संचालन रीतेश झिले ने किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और अभिभावकों ने सहभागिता कर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया।

## फनटाइम किड्स प्रीस्कूल ने मनाया गणतंत्र दिवस



**नागपुर.**

काटोल रोड स्थित फनटाइम किड्स प्रीस्कूल एंड डेकेयर सेंटर के बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों में कपड़े पहने और उस विशेष भाषा पर एक वाक्य का पाठ किया गया, 76 वें गणतंत्र दिवस के लिए विविधता विषय में एकता का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने घटना के निष्पादन के लिए कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम दौरान स्कूल की निदेशक देबश्री चटर्जी के मार्गदर्शन में शिक्षकों में हीना कश्यप, ज्योत्सना सांगड़ीकर, कविता मेश्राम, रोशनी ठाकरे, सेंटर कोऑर्डिनेटर प्रियंका सराठे ने सहकार्य किए.

## सावनेर में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**सावनेर.**

पूरे देश में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उत्साहपूर्वक तिरंगा लहराया गया। सावनेर में भी यह राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न शासकीय और अर्धशासकीय कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया।

नगर परिषद कार्यालय में मुख्याधिकारी किरण बगडे के हाथों ध्वजारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद कर्मचारियों और पूर्व नगरसेवकों की उपस्थिति रही। बाजार चौक स्थित जयस्तंभ स्थल पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन जैस्वाल और उपाध्यक्ष दिलीप घटे ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद हाईस्कूल के प्रांगण में प्रातः 9:15 बजे उपविभागीय अधिकारी संपत खलाटे ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर तहसीलदार रवींद्र होली, ठाणेदार उमेश पाटील, नायब तहसीलदार, स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र की प्रपाठक डॉ. मंजुषा ढोबले, डॉ. संदीप गूजर, डॉ. भगत, डॉ. शिवम पुण्यानी और शैलेश जैन समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स, अग्निशमन विभाग, नगर परिषद और स्वास्थ्य विभाग की ओर से पथसंचलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।

विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। जयस्तंभ बाजार चौक, नगर परिषद हाई स्कूल, सुभाष प्राइमरी स्कूल, अभ्यंकर प्राइमरी स्कूल, सारस्वत पब्लिक स्कूल और सेंट जॉन कॉन्वेंट जैसे संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। इस आयोजन में नगरसेवक सुनील चाफेकर, पूर्व नगरसेवक तेजसिंह सावजी, माया बुंदेले, कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दिलीप घटे, पत्रकार दीपक कटारे, लक्ष्मीकांत दिवटे, निलेश पटे, दीपक बसवार, शफीक सैय्यद, अश्विन करोकर, विनोद वालके और अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

तहसील कार्यालय और नगर परिषद के कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तहसीलदार रवींद्र होली ने उपस्थित सभी गणमान्यों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।




## 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**नागलवाड़ी.**

नागलवाड़ी में उत्कर्ष ज्ञानविकास बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संचालित उत्तम कीड्स कॉन्वेंट में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण का सम्मान सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश राऊत के हाथों संपन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता जनार्दन भगत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच हिराबाई सहारे और पूर्व सरपंच नानाभाऊ लापकाले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या रजनी बगडे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनीषा देशमुख ने किया। इस अवसर पर महादेव मांदाळे, कल्पना मेश्राम, राऊत ताई, वणीता सहारे, कृष्णा हुकरे, शैलेश बढई, कुवरलालजी, ताजने ताई, कोटरूंगे ताई, राठोड साहेब, ढगे ताई सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## महा-राकावी सोसायटी में स्वास्थ्य जांच अभियान संपन्न



**नागपुर.**

### > 132 कामगारों की जांच की गई

24 जनवरी को महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा घोषित "100 दिन का कार्यक्रम" के तहत महा-राकावी सोसायटी द्वारा कार्यरत रा.का.वि. योजना दवाखाना, एमआयडीसी हिंगणा ने वैद्यकीय प्रशासन अधिकारी के मार्गदर्शन में 24 जनवरी को जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, डिगडोह नागपुर में आईपी जागरूकता एवं निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस कैंप में करीब 132 कामगार कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कर्मचारियों की सीबीसी, एचबीए1सी, सीनियर क्रिएटिनिन, प्रोफाइल जैसी महत्वपूर्ण जांच की गईं। डॉ. वासुदेव वाढीवे, प्रभारी विमा ने कर्मचारियों को मार्गदर्शन करते हुए बताया कि राज्य बीमा योजना सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है। राज्य वीमा अधिनियम 1948 के अंतर्गत परिभाषित कर्मचारियों को बीमारी, अपंगता, मातृत्व, नौकरी के दौरान चोट लगने से मृत्यु जैसे खतरों से बचाने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाती है, साथ ही उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपना ई-पहचान कार्ड

अपडेट कराएं और राज्य वीमा योजना का पूरा लाभ प्राप्त करें।

# सुभाष शर्मा को 'पद्मश्री पुरस्कार' देने की घोषणा

## > प्राकृतिक खेती में दिया असाधारण योगदान
## > यवतमाल जिले को पहली बार मिला यह सम्मान

**यवतमाल.**

प्राकृतिक खेती के समर्थक, प्रशिक्षक, चिकित्सक और दीनदयाल सेवा प्रतिष्ठान द्वारा संचालित दीनदयाल प्रबोधिनी के अध्यक्ष यवतमाल के सुभाष शर्मा को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी की रात को केंद्र सरकार की वेबसाइट पर पद्म पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की गई। सुभाष शर्मा के रूप में यवतमाल जिले को पहली बार यह सम्मान मिल रहा है।

वह पिछले 30 वर्षों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं और किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनकी प्रेरणा से देशभर में हजारों किसान विषमुक्त प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। यवतमाल के पास तिवसा में उनका 20 एकड़ का खेत एक प्राकृतिक कृषि प्रयोगशाला है।

इस कृषि में, उन्होंने रासायनिक उर्वरकों या कीटनाशकों का उपयोग किए बिना केवल देशी गाय के गोबर, गोमूत्र और अन्य प्राकृतिक आदानों का उपयोग करके प्रचुर मात्रा में उत्पादन करने की कीमिया हासिल की है। अब तक लाखों किसान उनके खेतों में जाकर प्रशिक्षण ले चुके हैं।

सुभाष शर्मा ने भारत के कई कृषि विश्वविद्यालयों में भी व्याख्यान दिया है। सुभाष शर्मा के कृषि प्रयोगों और इस क्षेत्र में उनके असाधारण कार्यों के लिए उन्हें महाराष्ट्र सरकार के 'कृषिभूषण' पुरस्कार, एग्रोवन के 'स्मार्ट किसान' पुरस्कार, दीनदयाल सेवा प्रतिष्ठान के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा



पुरस्कार' आदि से सम्मानित किया जा चुका है। किसानों की आत्महत्या के लिए मशहूर यवतमाल जिले के सुभाष शर्मा को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा पर कृषि जगत से जुड़े लोग, सुभाष को उचित सम्मान दिए जाने की भावना व्यक्त कर खुश हैं। राजनीतिक नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं जैसे सभी क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने सुभाष शर्मा से मुलाकात की है और उन्हें बधाई दी है। किसानों ने भी भारत सरकार के इस फैसले पर अपनी खुशी व्यक्त की है।

## नांद्रा में क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण



**हिंगनघाट.**

नांद्रा (आष्टा) में रविवार को क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंगणघाट बाजार समिती के सभापति अँड सुधीरबाबू कोठारी के हाथों पुतले का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में समुद्रपूर बाजार समिती के सभापति हिम्मत चतुर, समुद्रपूर बाजार समिती के संचालक अरुण बकाल, हेमंत पाहुणे, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामेश्वरजी बरडे, सरपंच सौ. ललिता सयाम, नांद्रा ग्राम पंचायत के उपसरपंच गुरुदास मारबूदे, कवडूजी उईके, संजय शेगोकार, त्रंबक उईके, योगेश्वर कुडमते, संजय हिवंज, तुकारामजी वलके, और कमेटी अध्यक्ष गुरुदेव उईके सहित कई मान्यवर और गांववासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धा अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया और समाज में उनके विचारों को फैलाने का संकल्प लिया। पुतले का अनावरण इस क्षेत्र के विकास और समाज के कल्याण के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

## केडीएम पब्लिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया




**वर्धा.**

दत्तपुर स्थित केडीएम पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संचालक डॉ. धर्मेन्द्रजी मुन्धड़ा और विद्यालय के प्राचार्य वैद्य ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा पूजन से हुई, इसके बाद ध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्राजक्ता घरोटे ने किया। डॉ. मुन्धड़ा ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए, जिनसे विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाटक जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन प्रीति ढोणे ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएँ और शिक्षकेत्तर कर्मचारी जैसे अश्विनी इंगोले, प्रीति इंगोले, अश्विनी नंदरधने, चैताली नंदरधने, कविता वाडेकर, मंजूषा नौक्कर, ठाकुर, श्वेता सांबारे, शरयू अटालकर, आशीष आगलावे, राजश्री, पूजा, मनीषा धुंधुने, प्रिया भूते, नागेश जाधव आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

# वर्धा जिला विकास में नहीं रुकेगा: पालक मंत्री डॉ. भोयर

## > गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया, ध्वजारोहण में पालक मंत्री डॉ. पंकज भोयर की भागीदारी

**वर्धा.**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर वर्धा जिला में पालक मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने ध्वजारोहण किया और विकास योजनाओं की सफलता को लेकर विश्वास व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक हित की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे जिले के नागरिकों का जीवन स्तर सुधारने में मदद मिली है।

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना, तीर्थदर्शन योजना, वयोश्री योजना, अन्नपूर्णा योजना, और 100 प्रतिशत मुफ्त शिक्षा योजना जैसी योजनाओं के तहत जिले के नागरिकों को लाभ मिला है। आगामी वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में पंचसूत्र पर काम करने की योजना है। मुख्य समारोह में जिला कलेक्टर वान्मथी सी., पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. भोयर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 100-दिन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें वर्धा जिले को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 1,30,724 किसानों को 26 करोड़ रुपये से अधिक का फंड प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के तहत 3,13,406 लाड़ली बहनों को भी लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा, स्वामीत्व योजना के तहत 93,814 आय प्रमाण पत्र का वितरण भी जारी है।



पुलिस विभाग की ओर से वर्धा और हिंगांघाट में 36 स्थानों पर 152 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा में सुधार होगा। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 98 प्रतिशत परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया गया है। डॉ. पंकज भोयर ने विश्वास जताया कि "वर्धा विकास में नहीं रुकेगा" और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर यह मिशन सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। समारोह के अंत में विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत और सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन संजय सुकळकर ने किया।

## इंदिरा गांधी नशामुक्ति केंद्र में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**वर्धा.**

क्रांतिकारी स्व. महादेवराव ठाकरे सोशल एसोसिएशन द्वारा संचालित इंदिरा गांधी नशामुक्ति केंद्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सचिव शैलेजा ठाकुर ने ध्वजारोहण कर की।

इस अवसर पर केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय चौधरी ने केंद्र में भर्ती मरीजों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया और उन्हें नशामुक्त रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक रमेश मोहदुरे, पूर्व सरपंच लता टेकाम सहित कई प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रेशमा बोभाटे ने किया, जबकि शीतल पुंड ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जयंत गांडोळे, सारिका देशपांडे, सचिन हिवरे, जगदीश कुमरे, अनिल उईके, सुरेश मेश्राम, सीमा सोनटक्के और केंद्र के मरीजों ने सहयोग किया।

# तिरंगा शक्ति, बुद्धि और ज्ञान का प्रतीक: पंडित अग्निहोत्री

**वर्धा.**

तिरंगा शक्ति, बुद्धि और ज्ञान का प्रतीक है, और भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र की रीढ़ है। यह संविधान हमारे दर्शन, सीमाओं, कर्तव्यों, अधिकारों, स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों को परिभाषित करता है, जिन्हें हम सभी भारतीय साझा करते हैं। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अग्निहोत्री महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि संविधान हमें निष्पक्षता का महत्व सिखाता है। इस अवसर पर संस्था के सचिव सचिन अग्निहोत्री की मुख्य उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में एक भव्य झांकी का आयोजन किया गया, जिसमें हमारी कला, संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रदर्शन किया गया। इस झांकी समारोह में शंकरप्रसाद अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (झांकी थीम- आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी), अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अग्निहोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (झांकी थीम- फार्मा रिसर्च एंड कम्युनिटी हेल्थ), अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ लॉ और महिला बहुउद्देशीय शिक्षा कॉलेज (झांकी थीम- संत और सामाजिक सुधारक), रानीबाई अग्निहोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड मैनेजमेंट (झांकी थीम - महिला सशक्तिकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागठाना (झांकी थीम - सुवर्ण भारत विरासत और विकास), रानीबाई अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, अग्निहोत्री स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (झांकी थीम - महाकुंभ प्रयागराज-2025), रवीन्द्रनाथ टैगोर विद्यालय और जूनियर कॉलेज (झांकी थीम - सावित्रीबाई फूले और महिला शिक्षा), गांधीसिटी पब्लिक स्कूल और जूनियर कॉलेज (झांकी थीम - वर्धा दर्शन) ने भाग लिया। इन झाकियों को एक भव्य रैली के माध्यम से वर्धा शहर के मुख्य मार्ग से बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ निकाला गया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रोफेसर, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए जरूरी उपायों पर विचार

**हिंगनघाट.**

तुलसकर सभागृह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और नमो शेतकरी महा सम्मान निधि योजना के तहत उपविभागीय स्तरीय किसान मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वि. समीर कुणावार ने किया।कार्यक्रम में वि. कुणावार ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक खेती को अपनाएं और प्रयोगशील बनें। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद का उपयोग मिट्टी के अनुसार फसल लगाने में किया जाए, ताकि किसानों को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। कुणावार ने किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता जताई और कहा कि खेती को उद्योग के रूप में लिया जाए, ताकि आर्थिक लाभ हो सके। कृषि विभाग द्वारा हर साल फसल मूल्यांकन करने और किसानों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने की जरूरत पर बल दिया गया, जिससे आत्महत्या की घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर शंकर तोटावार (जिल्हा अधीक्षक कृषि अधिकारी वर्धा), डॉ. जीवन कातोरे (वरिष्ठ शास्त्रज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र सेलसुरा), स्वप्नील तोरणे (उपविभागीय कृषि अधिकारी हिंगणघाट), सचिन सुतार (तालुका कृषि अधिकारी घाईतिडक) सहित अन्य मान्यवर, किसान और अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में किसानों को कृषि से जुड़ी नई तकनीकों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# वेतनरहित होमगार्ड सैनिकों ने सौंपा सांसद संजय देशमुख को ज्ञापन!

## > केंद्रीय गृहमंत्री को सिफारिश पत्र लिखने का किया आवाहन

**दिग्रस.**

वेतनरहित होमगार्ड सैनिकों के ऐच्छिक नियम 1946-1962 तथा अधिनियम 1947-1963 में सुधार कर सेवा नियम बनाए जाने की मांग को लेकर समस्त होमगार्ड सैनिक यवतमाल जिला की ओर से सांसद संजय देशमुख को 26 जनवरी 2025 रविवार को ज्ञापन सौंपा गया. उक्त ज्ञापन के अनुसार सन 1946 में वेतन रहीत होमगार्ड सैनिकों के लिए नियम बनाए गए थे. उस वक़्त देश मे ब्रिटिश हुकूमत थी. 1947 मे एक कानून पारित कर वेतन रहित होमगार्ड सैनिको को सेवाकार्य प्रदान किया गया था. अत्यावश्यक सेवा के लिए उसवक्त देश की स्थिति बेहद संवेदनशील थी 1962-63 मे वेतन रहित होमगार्ड सैनिकों के लिए फिर से नियम बनाए गए. प्रत्येक राज्य में विभाग स्थापित किया गया था. सन 1947 से



अब तक उक्त नियमों में आवश्यक सुधार नही किए जाने से वेतन रहित होमगार्ड सैनिक बुनियादी सुविधाओं से आज भी वंचित है. पुलीस कर्मचारियों की तरह ही होमगार्ड सैनिकों से काम लिया जाता है लेकिन होमगार्ड सैनिक आज भी वेतन के बिना अपनी सेवा प्रदान कर रहे है. इस ज्ञापन में होमगार्ड सैनिक कानून 1946-1963 की धारा 2 के बिंदू क्रमांक एक मे सुधार करने की मांग को सदन (संसद) में उठाने और उक्त कानून में दर्ज स्वयंसेवक शब्द को हटाने तथा स्वयंसेवक कानून में सुधार करने की मांग भी की गई है. उपरोक्त समस्याओं के संदर्भ में बतौर सांसद (जनप्रतिनिधि) संजय देशमुख से केंद्रीय गृह मंत्री महोदय को होमगार्ड सैनिकों की सिफारिश का पत्र लिखने और उपरोक्त मांगो से समस्याओं से गृहमंत्री को अवगत कराने और न्याय दिलाने की मांग उक्त ज्ञापन में की गई है. ज्ञापन सौपतें समय बड़ी संख्या में यवतमाल जिले के होमगार्ड सैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए रोजाना दौड़ना जरूरी: प्रा. कराले

## > फीनिक्स एकेडमी, वर्धा ने किया विदर्भस्तरीय मैराथॉन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**वर्धा.**

फीनिक्स अकादमी, वर्धा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को सुबह 6 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर विदर्भस्तरीय मैराथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेजर डॉ. श्रीकांत कांदे (मिलिट्री हॉस्पिटल, पुलगांव), बिपिन मोघे (कारगिल योद्धा), शंकर गोडे, राहुल चांदुरकर, राजाभाऊ ताकसांडे (निदेशक सेंट पॉन स्कूल नागपुर), श्रीकांत भगत, सचिन सोनुने, अरविंद तायडे, किरण झाडे और पुष्कर बंडावार की उपस्थिति में किया गया।

इस प्रतियोगिता में विदर्भ के 2,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। मोबाइल के आदी छात्रों को बाहर लाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत थी। इसलिए, प्रा. नितेश कराले ने इस संबंध में एक कदम उठाया और छात्रों के बीच खेल के प्रति रुचि पैदा करने के लिए और मोबाइल फोन के आदी बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य और मजबूत शरीर को वापस पाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र के साथ कुल 41,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में गढ़चिरौली, भंडारा, गोंदिया, अमरावती, चांदूर रेलवे, बुलढाणा जैसे विभिन्न स्थानों के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रकार, यह प्रतियोगिता विदर्भ स्तर पर आयोजित की गई थी।




**प्रतिस्पर्धा में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों ने 3 किलोमीटर दौड़ में भाग लिया, और उनके परिणाम निम्नलिखित रहे :**

16 वर्ष से कम आयु के लड़के:
1. प्रद्युमण्य कोपते (प्रथम स्थान)
2. आदित्य नागेश्वर (द्वितीय स्थान)
3. आदित्य मरकी (तृतीय स्थान)

16 वर्ष से कम आयु की लड़कियाँ:
1. ईश्वरी कालमेघ (प्रथम स्थान)
2. यशस्वी राठौड़ (द्वितीय स्थान)
3. नंदिनी सावरकर (तृतीय स्थान)

16 वर्ष से अधिक आयु के लड़के (खुली श्रेणी):
1. रोहित पटले (प्रथम स्थान)
2. आदेश चव्हाण (द्वितीय स्थान)
3. राजी फुसाटे (तृतीय स्थान)

16 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियाँ (खुली श्रेणी):
1. सलोनी लव्हाले (प्रथम स्थान)
2. सेजल चौधरी (द्वितीय स्थान)
3. प्रीति घाटोले (तृतीय स्थान)

फीनिक्स अकादमी के सभी सदस्यों और छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। आयोजक अतुल लेंडे, मोहित सहारे, वैभव होटे, रूपेश दंडारे, गोविंद पारिसे, रोशन वांदिले, श्रीतिज कराले, सागर चौधरी, प्रज्वल गोटे, सम्यक रामटेके, पवन असुटकर, शुभम निसार, सुयोग ठमके और अमर चिप्पावार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साह दिखाया और उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की, जिससे फिटनेस के महत्व को बढ़ावा मिला।

## नारायण सेवा मित्र परिवार के सामाजिक सभागृह का भूमिपूजन संपन्न

**हिंगनघाट.**



नारायण सेवा मित्र परिवार के सामाजिक सभागृह का भूमिपूजन 26 जनवरी, प्रजासत्ताक दिवस के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुणावार के शुभ हाथों से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बालाजी दाल मिल के पीछे शास्त्री वॉर्ड के परिसर में आयोजित किया गया, जहां आगामी सभागृह की निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी सिटी वर्धा के लायन्स क्लब के डायरेक्टर अनिल नरेडी ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के तौर पर कृषी उत्पन्न बाजार समिती के सभापती एड. सुधीर कोठारी, पूर्व नगराध्यक्ष प्रेम बसंतानी, नगरपालिका के मुख्याधिकारी प्रशांत उरकुडे, पूर्व नगराध्यक्ष राजेंद्र डागा, गिमाटेक्स उद्योग समूह की संचालिका लतादेवी मोहता, टीव्ही टेक्स्टाईल के पारस मुनोत, स्वाद चहा के अशोक मिहानी, रत्न विद्यानिकेतन के सचिव हेमंत ओस्तवाल और नारायण सेवा मित्र परिवार के अध्यक्ष महेश अग्रवाल सहित अन्य मान्यवर उपस्थित थे। इस सामाजिक सभागृह के निर्माण के लिए विधायक समीर कुणावार ने 30 लाख रुपये की निधि मंजूर की है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नारायण सेवा मित्र परिवार के पदाधिकारी और महिला सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद, रत्न विद्यानिकेतन हाईस्कूल द्वारा वैद्यकीय साहित्य का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। शाम 4 बजे "एक श्याम शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. किरण वैद्य और दुर्गाप्रसाद यादव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सचिव पराग मुडे ने किया।

# शहर में जगह-जगह बड़ी शान से लहराया तिरंगा



उर्दू के जी, अप्पर प्राइमरी और बैरिस्टर युसूफ शरीफ हाई स्कूल मोहम्मद अली सराय मोमिनपुरा नागपुर में सेंट्रल तंजीम कमेटी के अध्यक्ष श्री हाजी अब्दुल कदीर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान पठन से हुई तिरंगा ध्वज फहराने के पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्री हाजी अब्दुल कदीर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं गणतंत्र दिवस की विशेषता व महत्व समझाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेंट्रल तंजीम कमेटी के उपाध्यक्ष शाहिद नसीम खान सचिव हाजी मोहम्मद कलाम मेंबर अब्दुल अजीज खान शाला के मुख्याध्यापक आरिफ पठान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती जीनत खानम एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती शाहिना तबस्सुम ने किया।



*26 जनवरी 2025 को एस के बी स्काय बर्ड कॉन्वेंट यशोधारा नगर नागपुर यहां पर 76वा गणतंत्र दिन एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम लिया गया इस कार्यक्रम में नर्सरी से चौथी कक्षा तक सभी छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दर्शाई कार्यक्रम के उद्घाटन माननीय जनाब इरफान खान सर डीएनए 24 न्यूज़ के डायरेक्टर उनके हाथों से किया गया कार्यक्रम के अतिथि माननीय दीपक ठाकुर सर निसबड स्किल मिनिस्ट्री ऑफ इंडिया के डीसी और रमेशकांत बारसागडे सर ,शंकर राव जी शेंडे माजी पुलिस उपनिरीक्षक ,फरीद अहमद सर, नईम सर न्यूज़ रिपोर्टर उपस्थित थे कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय ममता कराडे मैडम अध्यक्ष सुमन बहुउद्देशीय सेवा सहकारी संस्था वह विशेष रूपसे उपस्थित थे कार्यक्रम का सूत्र संचालन ऐश्वर्या बागडे मैडम ने किया और शाला के मुख्य अध्यापिका वाघमारे मैडम ने अपने निरीक्षण में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया पिरामिड पी टी लेझीम डंबल करके छात्रों ने अपनी कलाकारी प्रस्तुत की आए हुए सभी पालक गणों ने छात्रों का उत्साह बढ़कर हर्ष उल्लास के साथ तालिया से उनका मनोबल बढ़ाया 2023 24 में जो छात्र नर्सरी से फोर्थ तक मल्टी टैलेंट छात्रों को माननीय अतिथिगणों के हाथों से मेडल देकर सम्मानित किया गया इस प्रकार सभी कार्यरत टीचर का भी सम्मान चिन्ह एवं मैडल देकर सम्मान करके प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम का प्रास्ताविक सुजाता घरडे मैडम ने किया और आभार प्रदर्शन साक्षी बघेल मैडम ने किया इस प्रकार कार्यक्रम का 76वा गणतंत्र दिन एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ.*

## जय ज्योति सांस्कृतिक सभामंडप दिघोरी नाका में ध्वजारोहण

श्री क्षत्रिय कोसरे माली समाज विदर्भ नागपुर की ओर से 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिघोरी स्थित जय ज्योति सांस्कृतिक सभामंडप में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में श्री युगेश्वररावजी वसाके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्णाभाऊ महादुरे ने किया, मुख्य अतिथि श्री प्रभाकरराव तांडेकर, श्री योगेशजी सोनुले, श्री ईश्वरराव ढोले, गीतमालताई वसाके, शारदाताई निकोडे थे, इस अवसर पर शेकड़ों समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के तुरंत बाद कोसरे माली महिला संगठन द्वारा हल्दी कुंकवा कार्यक्रम आयोजित किया गया और अल्पोपहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।







हर साल की तरह इस साल भी मदीना मस्जिद की मेदान में मदरसा हिफज़ुल ईमान और मदीना मस्जिद की जानी से 26 जनवरी का झंडा वंदन किया गया जिस में पंच पावली थाना से पी रावत साहब चीफ गेस्ट के तौर पर आए इसमें मदीना मस्जिद के सदर अल्ताफ अंसारी हाफिज शमीम मुफ्ती मोहम्मद अकरम खिदमतगार मोहम्मद मुज्तबा नगरसेवक इब्राहिम तैलार। समाज सेवक सलीम खान नौशाद अहमद ताबीश अहमद शाहिद नौशाद अहमद इस्तिखार अहमद ज़िया और मद्रास के तलवा और तालिबत भी शमिल थे उस के बाद कार्यक्रम में मद्रासे के बच्चों ने अपने फोन का इज़हार करते हुए देशभक्ति गीत देशभक्ति बयान ड्रामा और राष्ट्रगीत करते हुए प्रोग्राम खत्म किया गया। पी आई रावत साहब ने बोला आज मुझे इस मदरासे में आकार बहुत अच्छा लगा मेरा इतना भव्य स्वागत हुआ कि मुझे यह भूल पाना मुश्किल है और उन्होंने कहा इस तरह से हर साल में आता रहेगा। इस क्रम में ना केवल लोगों को जोड़ा बाल्की एकजुट होकर देशभक्ति का सबोट दीया।

उत्तर नागपुर सलीम खान जनसंपर्क कार्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया इस मौके पर पांचपावली पुलिस निरीक्षक राउत साहब सलीम खान ने झंडा वंदन किया इस मौके पर मुस्तफा अंसारी जाकिर अली कलीम अंसारी नसीम अख्तर जमील कुरैशी नासिर कुरेशी अशफाक शेख गनी खान कौशल सिद्दीकी इमरोज खान बस्ती के नागरिक उपस्थित..



## गणतंत्र दिवस धूम-धाम से मनाया गया

76वा गणतंत्र दिवस के मौके पर किड्स ब्रिलेंट स्कूल टीपू सुल्तान चौक पर गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया. गणतंत्र दिवस के मौके पर किड्स ब्रिलेंट स्कूल में देश भागती गीत और नात का कार्यक्रम किया गया! जिसमें रुहान अख्तर और उनके साथियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया देशभक्ति कार्यक्रम के बाद स्कूल टीचरों ने बच्चों को मिठाइयां और बिस्किट बाटी इस मौके पर टीचर अंजू मैम, फरीन मैम, नेहाल सर, सोहेल सर, और प्रिंसिपल मैडम मौजूद थे.



## मजलिस ने उत्तर नागपुर में किया झंडावंदन



76 गणतंत्र दिवस की मौके पर नई बस्ती चिराग अली चौक पर में झंडा वंदन किया! इस मौके पर पांचपावली पुलिस निरीक्षक राउत साहब, के हाथों झंडा वंदन किया गया झंडा वंदन के बाद लोगों में मिठाइयां और बिस्किट बाटी गई, इस मौके पर उत्तर नागपुर पूर्व अध्यक्ष सलीम खान, उत्तर नागपुर पूर्व अध्यक्ष नसीम अख्तर, उत्तर नागपुर पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अंसारी, मुज्तबा अंसारी, जाकिर अली, अशफाक शेख, नासिर कुरैशी, जमील कुरैशी, अन्य नागरिक उपस्थित थे।




ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लमिंन कार्यालय ताजआबाद शरीफ में प्रजासत्ताक दिन के अवसर पर शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, आदि कार्यकर्ता के हाथो झेंडा वंदन कार्यक्रम संपन्न, मिठाइयां बाटी गई.

## नागपुर अर्बन हाट में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न




विदर्भ हॅण्डीक्राफ्ट आर्टिसन्स वेलफेअर असोसिएषन द्वारा "नागपूर अर्बन हाट," गंगानगर हजारीपहाड नागपूर मे 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहन कार्यक्रम आयोजीत किया गया। जिसमें श्री विक्रम ग्वालवंषी नगरसेवक, प्रभाग 12, हजारीपहाड, श्री अवधेश ठाकुर सहायक निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तषिल्प सेवा केन्द्र नागपूर, संस्था के सचिव श्री जफर अहमद, श्री दिलीप कुमार एचपीओ, श्री दिनेश कुमार कार्यालय विकास आयुक्त हस्तषिल्प सेवा केन्द्र नागपूर इनके करकमलो द्वारा सुबह 09.30 बजे ध्वजारोहन संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री अब्दुल रज़्ज़ाक षेख, प्रिती पेठे, श्री भगवानजी भुसारी, श्री अषोकजी, प्रविणजी, कटरेजी, चौहानजी, रविजी, संतोषजी, सदानंद पांडे गौरीषंकरजी, ओमकारजी, कैलासजी, सचिदानंदजी, सायबा शेख, प्रभा , संस्था के सभासद, हस्तषिल्प कारागिर परिसर की महिलाऐं, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे। ध्वजारोहन कार्यक्रम के उपरांत अल्पोहार किया गया व अन्ततः सचिव श्री जफर अहमद ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियो का आभार प्रदर्शन किया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी. इस तरह नागपूर अर्बन हाट में संपूर्ण हर्षो - उल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। सचिव ज़फ़र अहमदजी, विदर्भ हॅण्डीक्राफ्ट आर्टिसंस वेलफेयर एसोसिएशन, नागपूर.



## तड़ीपार आरोपी को वाड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाड़ी.** वाड़ी पुलिस ने तड़ीपारी आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के तहत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जनवरी की रात करीब 1:20 बजे, वाडी पुलिस थाना क्षेत्र के पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि तड़ीपार आरोपी रोहन कैलास राउत (27) अपने घर पर मौजूद है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 366-5 | 388-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 235-0 | 127-0 |
| प्रभात | 146-1 | 128-1 |
| प्रभात नाईट | 258-5 | - |
| डायमंड | 579-1 | 135-9 |
| मेन बाजार | 358-6 | - |
| मिलन डे | 679-2 | 110-2 |
| मेन रतन | 125-8 | 289-9 |
| कल्याण | 289-9 | 349-6 |
| राजधानी डे | 150-6 | 148-3 |
| राजधानी नाईट | 356-4 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 468-8 | 250-7 |

## विद्रोही इलेवन की जीत में भोले सिंह का नाबाद अर्धशतक




### अन्य परिणाम

**कॉप्स इलेवन (95-3) ने वस्ताद इलेवन जाफर नगर (82-7) को 13 रन से हराया।**
**टेक वन कंप्यूटर (59-8) ने रेस्ट ऑफ सदर (36-9) को 23 रन से हराया।**
**आई जगदंबा वारियर्स (52-8) ने गीताई बिल्डर्स (54-6) को 4 विकेट से हराया।**
**श्री राम सेना (71-6) ने बिग बॉस इलेवन (73-4) को छह विकेट से हराया।**

**नागपुर.**

भोले सिंह के नाबाद अर्धशतक की बदौलत शब्बीर अरशद की टीम, विद्रोही इलेवन ने रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 9 में एसएंडएस स्टडी सर्किल को 84 रनों से हराया। यह मैच कड़बी चौक स्थित मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल ग्राउंड पर खेला गया।

इस टूर्नामेंट का आयोजन रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन, डॉ. संदीप शिंदे के बाबूजी फाउंडेशन और हाजियानी जुबेदा अब्दुल रज्जाक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। Nपहले बल्लेबाजी करते हुए, विद्रोही इलेवन ने आठ ओवर में तीन विकेट पर 139 रन बनाए, जिसमें भोले सिंह ने 77 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी पारी को संवारते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अनुज ने 21 रन बनाए। एसएंडएस स्टडी सर्किल की ओर से सचिन ने तीन विकेट लिए। जवाब में, एसएंडएस स्टडी सर्किल की टीम निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 55 रन ही बना सकी। शशांक ने नाबाद 24 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से शैलेश ठाकरे ने दो विकेट लेकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक अन्य मैच में तंदूर किचन ने हुसैनी बॉयज को आठ विकेट से हराया। हुसैनी बॉयज की टीम आठ ओवर में 38-6 पर आउट हो गई, और कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। हिमांशु त्रिपाठी ने दो ओवर में तीन विकेट लिए। तंदूर किचन ने 2.3 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैल्कम जॉन ने 18 रन बनाए, जबकि प्रतीक चतुर्वेदी ने 11 रन जोड़े। इस दौरान पूर्व एमएलसी वजाहत मिर्जा, सामाजिक कार्यकर्ता सोहेल राणा, शोएब अजहर और राजन नायर ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए।

## 26 जनवरी को लिटिल चैंप डांस प्रतियोगिता संपन्न

**सौंसर.** नगर के बाजार चौक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सास्कृतिक युवा मंडल सौसर की ओर से 'लिटिल चैंप' नामक एक ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने बच्चों की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी ने इस पहल की सराहना की और आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजनों को और बड़े स्तर पर आयोजित करने की इच्छा जताई।

